Title: Need to adopt a new stronger defence policy to curb terrorist activities in Jammu & Kashmir.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर में निरंतर आतंकवादी गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। आतंकवादी धार्मिक स्थलों के अंदर शरण लेकर अथवा सीमा पार के अड्डों से पाकिस्तान की सेना की शह पर कश्मीर में आकर निर्दोोों की हत्या कर रहे हैं। कभी अमरनाथ यात्रियों के ऊपर, शोनाग के ऊपर हमला और कभी डोडा एवं किश्तवाड़ में अल्पसंख्यकों की हत्याएं कर रहे हैं। ऐसे वातावरण में मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहूंगा कि जम्मू-कश्मीर में नयी प्रभावी सुरक्षा नीति तैयार करके आतंकवादियों को उन्हीं की भााा में मुंह तोड़ जवाब दिया जाए। जैसे के साथ तैसा व्यवहार किया जाए, तभी पाकिस्तान इस भााा को समझ सकेगा।